पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 06 अगस्त 2024

प्रेस विज्ञप्ति

अभाविप देशभर के शैक्षणिक संस्थानों का करेगी शैक्षिक सर्वेक्षण।

अभाविप युवाओं के मध्य भारतीय खेलों के प्रोत्साहन हेतु आयोजित करेगी देशभर में खेल महोत्सव।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की झारखंड के गिरिडीह जिले स्थित श्रीपारसनाथ में 03 तथा 04 अगस्त को संपन्न हुई केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक के उपरांत रांची में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने अभाविप की इस बैठक में तय हुए विभिन्न निर्णयों तथा योजनाओं की जानकारी रखी।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद शिक्षा क्षेत्र में वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर देश की छात्रशक्ति के साथ शिक्षा तथा समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यरत है। विद्यार्थी परिषद की केन्द्रीय कार्यसमिति बैठक में यह निर्धारित हुआ है कि देशभर में विस्तारित संगठन की इकाईयों द्वारा एक अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण किया जाएगा, जिसके अंतर्गत शैक्षणिक परिसरों के नीरस वातावरण व अन्य कारणों से विद्यार्थियों की कम होती उपस्थिति, शैक्षणिक संस्थानों में रिक्त पड़े पद, फीस वृद्धि आदि विषयों का सर्वेक्षण कर वास्तविक स्थिति को सामने लाने का कार्य विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता करेंगे।

याज्ञवल्क्य शुक्ल ने आगे कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए शीघ्रता से प्रयास होने चाहिए, क्योंकि इसके उचित तथा पूर्ण क्रियान्वयन का सीधा संबंध विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। देश के विश्वविद्यालयों में भारतीय मूल्य केन्द्रित तथा रोजगार व कौशल विकास में सहायक पाठ्यक्रमों का निर्माण कर उन्हें लागू करने, शैक्षणिक संस्थानों में बुनियादी ढांचे के विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने सहित विभिन्न दिशाओं में छात्रशक्ति की हितधारक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका है, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, शिक्षण गतिविधियों के साथ छात्रों के विकास में सहायक खेलकूद, सेवा, पर्यावरण से विद्यार्थियों की सम्बद्धता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षण संस्थानों तथा शिक्षा नियामकों से शीघ्रता से कदम उठाने की मांग करती है। विद्यार्थी परिषद की कार्य, गतिविधियां जैसे खेलो भारत, सेवार्थ विद्यार्थी (एसएफएस), विकासार्थ विद्यार्थी (एसएफडी) आदि द्वारा इस सत्र में भारतीय खेल आधारित खेल महोत्सव, वस्त्र वितरण, बस्ती की पाठशाला, मासिक धर्म के प्रति जागरूकता हेतु ऋतुमति अभियान, पौधारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान का आयोजन पूरे देश में किया जाएगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अहिल्याबाई होलकर जी की जन्मत्रिशताब्दी के अवसर पर उनके व्यक्तित्व से युवाओं तथा विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य उनके जीवन पर आधारित नाटक, गोष्ठियां, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता देश के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गई है।)